दिन–रविवार

दिनांक– 01/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। एनडीए के घटक दलों ने किया स्वागत।

02. राज्य में चुनाव आयोग ने चौदह जिलों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूरा किया।

03. राजस्व और भूमि सूधार विभाग ने जमीन संबंधित मामलों और शिकायतों के निवारण के लिए पहला राज्यस्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया।

04. और, प्रदेश में आज भी मौसम के मिजाज में देखा जा रहा है बदलाव। शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, खगड़िया समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई।

---

लोक जन शक्ति पार्टी, रामविलास प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज फिर बिहार की राजनीति में सक्रियता से उतरने की बात दोहराई। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से कहा कि वे विधानसभा चुनाव लड़ने को तैयार हैं। श्री पासवान ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि विधानसभा चुनाव लड़ने से एनडीए गठबंधन को लाभ हो।

–––बाइट–––

पार्टी के वरिष्ठ नेता और जमुई से सांसद अरूण भारती ने कहा कि लोक जन शक्ति पार्टी, रामविलास के संसदीय बोर्ड ने इसका समर्थन किया है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और मंत्री संतोष कुमार सुमन ने चिराग पासवान के निर्णय का स्वागत किया है।

–––बाइट–––

भारतीय जनता पार्टी के नेता और राज्य के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने विधानसभा चुनाव लड़ने के चिराग पासवान के फैसले का स्वागत किया है।

–––बाइट–––

———————————————————————

पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में कथित तौर पर भीतरघात के कारण चुनाव हारने वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि उनके विरोधियों ने उन्हें नुकसान पहुंचाने के प्रयास में एनडीए का ही नुकसान पहुंचाया है। उपेन्द्र कुशवाहा आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह बात कही।

———बाइट———

———————————————————————

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। इसके तहत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य प्रदेश के चौदह जिलों में पूरी कर ली है। इस प्रक्रिया के तहत ईवीएम की कार्यशीलता, पारदर्शिता और त्रुटिरहित संचालन को सुनिश्चित किया जाता है। आयोग ने अब तक राज्य के किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, बांका, दरभंगा और पटना में एफएलसी प्रक्रिया पूरी कर ली है। वहीं, नालंदा, बेगूसराय, सारण, सीतामढ़ी, अररिया, शेखपुरा, खगड़िया और पूर्वी चंपारण में भी ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूरा हो गया है। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अन्य जिलों में एफएलसी का कार्य प्रगति पर है।

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए संसद के सात सदस्यों का सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। शिष्टमंडल किसी भी प्रकार के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के संकल्प का कड़ा संदेश दे रहा है। जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल इंडोनेशिया की सफल यात्रा के समापन के बाद आज मलेशिया के कुआलालम्पुर पहुंचा। इस अवसर पर श्री झा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान की ओर से युद्ध विराम का अनुरोध किया गया था, जिसपर भारत सहमत हुआ। इथोपिया में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और पूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद को हर मोर्चे पर परास्त करने की जरूरत है।

———बाइट———

वहीं, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं करता है तो उसके खिलाफ उग्र कार्रवाइ  होगी।

———बाइट———

जब भारत के आत्मसम्मान की बात आती है, तो हम सभी दलीय राजनीति से ऊपर उठकर भारत माता के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए एक साथ खड़े होते हैं। अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं करता है, तो अब तक बहुत सोच.समझकर दिया गया जवाब बहुत उग्र होगा।

इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सांसदों का शिष्टमंडल लंदन पहुंच गया है। श्री प्रसाद ने कहा कि हम यहां भी आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

———बाइट———

लंदन पहुंच गए हैं, तीन देशों की हमारी यात्रा अच्छी रही। फ्रांस, इटली और फिर डेनमार्क की। आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष हम प्रभावी रूप से यहां भी रखेंगे और जैसा हमने बाकी जगह वहां के लोगों का समर्थन मिला है। वही समर्थन इंग्लैंड में भी मिलेगा। हमें पूरा विश्वास है।

वहीं, अल्जीरिया में भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा है कि पाकिस्तान पर वित्तीय मदद पर रोक लगनी चाहिए क्योंकि वह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मिले पैसों को आतंकवाद को संरक्षण देने में खर्च करता है।

———बाइट———

———————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता लांस नायक करम सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———बाइट———

1915 में पंजाब में जन्मे लांस नायक करम सिंह 1941 में सिख रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1948 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में टीथवाल की लंबी लड़ाई के दौरान लांस नायक करम सिंह ने अहम भूमिका निभाई। 13 अक्टूबर की रात लेंस करम सिंह की चौकी पर भारी गोलाबारी के साथ दुश्मन ने एक बड़ा हमला किया। संख्या में बहुत कम होने और गोला बारूद की कमी के बावजूद उन्होंने दुश्मन के कई हमलों को विफल कर दिया। अपने साथियों को दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने और दुश्मन पर ग्रेनेड से हमले करने के लिए लांस नायक सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए। दो बार घायल होने के बावजूद उन्होंने वहां से जाने से इनकार कर दिया और पहली पंक्ति की खाइयो पर बने रहे । दुश्मन के पांचवें हमले के दौरान दो दुश्मन सैनिक उनकी पोजीशन के बहुत करीब आ गए, गोलीबारी के खतरों से बचने के लिए करम सिंह अपनी खाई से बाहर निकले और संगीन से दोनों दुश्मन सैनिकों को मार डाला। अपनी असाधारण बहादुरी के लिए लांस नायक करम सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया जो टीथवाल की लड़ाई में साहस का प्रतीक बन गए। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने आज पटना के दानापुर में पहला विभागीय कॉल सेंटर का शुभारंभ किया। लोग अब टोल फ्री नंबर **एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो एक पांच** पर कॉल करके म्यूटेशन, जमाबंदी, दाखिल–खारिज और अन्य राजस्व संबंधी मामलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा आम लोगों के लिए तीन जून से शुरू होगी। इस अवसर पर श्री सरावगी ने कहा कि यह कॉल सेंटर सरकार के डिजिटल मिशन को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

———बाइट———

———————————————————————

राजद के पूर्व नेता और लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव ने कहा है कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही इस साजिश का खुलासा करेंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के बाद तेज प्रताप यादव को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी से छह सालों के लिए निष्कासित कर दिया था। वहीं, तेज प्रताप को लालू प्रसाद ने अपने परिवार से भी बेदखल कर दिया था।

———————————————————————

मुंगेर को बेगूसराय और खगड़िया से जोड़ने वाले श्रीकृष्ण सेतु पर चार और सात जून को आंशिक रूप से यातायात बाधित रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से पुल के स्पैन की जांच के लिए पुल को आंशिक रूप से बंद रखा जायेगा।

---

प्रदेश में आज भी मौसम के मिजाज में बदलाव देखा जा रहा है। शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, खगड़िया समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी–मध्य भागों के साथ उत्तर–पश्चिम भाग के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। विभाग ने चार जून तक सीतामढ़ी, दरभंगा, किशनगंज, कटिहार, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

---

राज्य सरकार ने नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में खाली पड़ी जमीन पर पच्चीस मीटर और पचास मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इसके निर्माण पर चौबीस करोड़ इक्कीस लाख सत्तानवे हजार रूपये की राशि खर्च होगी। श्री चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने से अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज होगा।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिशन की ओर से आयोजित महिला अंडर–पन्द्रह एकदिवसीय फाइनल मैच में ब्राइट ब्लास्टर ने लिटिल लिजेंडस् को पांच विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। पैंतीस ओवर के इस मैच में लिटिल लिजेंडस ने पहले खेलते हुए एक सौ चौंसठ रन बनाए। ब्राइट ब्लास्टर की टीम ने चौंतीस ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

---

01. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। एनडीए के घटक दलों ने किया स्वागत।

02. राज्य में चुनाव आयोग ने चौदह जिलों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूरा किया।

03. राजस्व और भूमि सूधार विभाग ने जमीन संबंधित मामलों और शिकायतों के निवारण के लिए पहला राज्यस्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया।

04. और, प्रदेश में आज भी मौसम के मिजाज में देखा जा रहा है बदलाव। शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, खगड़िया समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई।

---

समाप्त